हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 21 जून 2025

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

13 औषधीय पौधों की खेती से किसानों की आय बढ़ेगी



14 अंगारमोती मंदिर परिसर में बनेगा हर्बल गार्डन...



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25

## खबर संक्षेप

### शासी परिषद की बैठक 23 को

**धमतरी।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास अबिनाश मिश्रा की उपस्थिति में डीएमएफ के तहत शासी परिषद की बैठक 23 जून को रखी गई है। दोपहर तीन बजे से यह बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 25 से

**धमतरी।** यंग स्टार क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में धमतरी में पहली बार बॉक्स क्रिकेट ओपन आल इंडिया रात्रिकालीन टेनिस बॉल



क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 30 जून तक किया जा रहा है। प्रथम पुरस्कार 31000 रूपये व विनर कप, द्वितीय पुरस्कार 21000 रूपये व रनर अप कप, तृतीय पुरस्कार 11000 रूपये व कप दिया जाएगा। प्रवेश शुल्क 2500 रूपये है। प्रथम 32 टीमों को ही एंट्री दी जाएगी। टूर्नामेंट के संरक्षक पंडित राजेश शर्मा हैं।

### देऊरपारा सिहावा में मनेगा योग दिवस

**नगरी।** आज 21 जून को प्रातः 7 से 8 बजे तक कर्णेश्वर शिव मंदिर परिसर देऊरपारा सिहावा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा। भाजपा मंडल नगरी ने सभी जिला अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व विधायक, जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाज प्रमुख, धार्मिक संगठन, सांस्कृतिक संगठन, राजनीतिक संगठन, मातृशक्ति, युवा शक्ति समेत गणमान्य नागरिकों से उपस्थिति की अपील की है।

### मेघा का प्रयास विद्यालय में चयन

**धमतरी।** शासकीय माध्यमिक शाला बनबगौद में अध्ययनरत कक्षा 8वीं की छात्रा मेघा पिता बलराम नेताम का प्रयास आवासीय



विद्यालय में चयन हुआ है। वह 8वीं में 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान पर रही। उसकी इस उपलब्धि पर प्रधानपाठक एसके साहू, समन्वयक एआर खान, सीके चन्द्राकर, वीके सुरपाम, एलके निर्मलकर, एन. मरकाम, एस. वासनिक एवं पीके साहू ने हर्ष जताया है।

### चयनित छात्रों की काउंसिलिंग 23 से

**धमतरी।** प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों की वर्गवार सूची विभागीय वेबसाईट एकलव्य डाट सीजी डाट नीक डाट इन पर अपलोड की गई है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों की वर्गवार काउंसिलिंग 23 से 27 जून तक राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी स्थित प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय में आयोजित की जाएगी। सुबह 10 से शाम 5 बजे तक काउंसिलिंग होगी।

कलेक्टोरेट का घेराव कर दो बैरिकेड्स तोड़े, दिया धरना, पुलिस और युकांइयों के बीच जमकर झूमाझटकी

# एनएसयूआई ने निकाली शिक्षा बचाओ हुंकार रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शुक्रवार को शिक्षा बचाओ हुंकार रैली में एनएसयूआई ने शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर हुंकार भरी। युक्तियुक्तकरण से हो रही शिक्षा अव्यवस्था को लेकर दिग्गज के कांग्रेसी नेताओं ने बड़ी सभा ली। सभा के बाद जिलेभर से पहुंचे सैकड़ों युंकाइयों ने झंडा पोस्टर के साथ कलेक्टोरेट कूच किया। हुंकार रैली को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा। युंकाइयों को रोकने 200 से अधिक पुलिस बल ने 4 अलग-अलग बैरिकेड्स तैयार कर रखे थे। शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते पहुंचे युंकाई कुछ ही मिनट में पहला बैरिकेड्स गिराकर आगे बढ़ गए। दूसरे बैरिकेड्स में पुलिस और अधिकारियों के बीच खूब खींचातानी हुई। खूब मशक्कत के बाद युंकाई दूसरा बैरिकेड्स पार कर तीसरे बैरिकेड्स के सामने धरने पर बैठ गए और कलेक्टर को धरनास्थल पर बुलाने अड़े रहे। मौके पर मौजूद एसडीएम पीयूष तिवारी, एएसपी मणिशंकर चन्द्रा ने धरने पर बैठे कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव तथा भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव,



विधायक ओंकार साहू, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे, जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के साथ चर्चा की तथा ज्ञापन लेकर धरना समाप्त किया।

धरनास्थल पर पत्रकारों से चर्चा में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव, भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि चुनाव में मोदी की गारंटी के नाम पर विष्णुदेव साय सरकार ने 57 हजार शिक्षक भर्ती करने का वादा किया था। जब शिक्षक भर्ती की पारी आई तो युक्तियुक्तकरण कर शिक्षकों की कमी का इलाज करना बता रहे हैं। यह ऐसा इलाज है कि हाथ के जख्म को ठीक करने के बदले पूरे हाथ काट रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्कूलों को मर्ज करने से प्रदेश में दस हजार से अधिक स्कूल बंद हो जाएंगे। हजारों युवा शिक्षक भर्ती के लिए पूरी तैयारी करके बैठे हैं। वे शिक्षक भर्ती के रूकने से बेरोजगार हो जाएंगे। धरना के पूर्व लक्ष्मी निवास में आयोजित सभा में श्री यादव ने कहा कि शिक्षा को बचाने का आगाज धमतरी के युवाओं ने राजा देवांगन के नेतृत्व में किया है। कंडेल नहर सत्याग्रह हमें यह बोध कराता है कि यहां के लोग अपने अधिकार के लिए लड़ने को हमेशा सामने रहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार 2 साल में पुरानी हो गई। सांय सांय शिक्षा व्यवस्था को आंय बांय कर दिया। सरकार की कोई उपलब्धि नहीं है। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे, विधायक ओंकार साहू, पूर्व जिपं उपाध्यक्ष, नीशु चन्द्राकर, पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव, बीरेश ठाकुर आदि ने युक्तियुक्तकरण सहित खदानों में गोली, चाकू नशा तथा बढ़ते अपराधों पर प्रदेश सरकार पर जमकर बरसे।

शिक्षा बचाओ हुंकार रैली में प्रमुख रूप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, लेखराम साहू, लक्ष्मी ध्रुव, मोहन लालवानी, तारिणी चन्द्राकर, पंकज महावर, आकाश शर्मा, होरी लाल साहू, मनोज साहू, राहुल बख्तानी, एनएसयूआई के ऋषभ यादव, ओमप्रकाश, नमन बंजारे, पारसमणि, अरविंद यादव, शिवम साहू, नोमेश सिन्हा, तेजप्रकाश साहू, यश राजपूत, यश दुबे सहित जिले भर से सैकड़ों युंकाई उपस्थित थे। मंच का संचालन युकां अध्यक्ष राजा देवांगन ने किया।

## सरपंच का पक्ष लेने का आरोप युवक की हुई पिटाई

- रेत खदान को लेकर बैठक में पूछा था सवाल

**धमतरी।** गांव की बैठक में रेत खदान के संबंध में सवाल पूछने पर सरपंच का पक्ष लेने का आरोप लगा युवक की लाठी से पिटाई कर उसे घायल कर दिया है।

पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम कोलियारी में बुधवार की रात्रि बैठक हो रही थी। गांव के अमरकुमार निषाद पिता रामदेव उम्र 38 वर्ष भी बैठक में गया था। मीटिंग में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हो रही थी। बैठक में अमर ने गांव के अध्यक्ष यशवंत सोनकर से पूछा कि रेत खदान ग्राम पंचायत में आती है कि बस्ती में। जिसका अध्यक्ष द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। उसके बाद बैठक में मौजूद सभी लोग चले गए। दूसरे दिन गुरुवार की रात्रि अजय गांव में स्थित कीर्तन पानठेला के पास खड़ा था। उसी समय गांव के दीपक सोनकर लाठी लेकर पान ठेला के पास पहुंचे और अश्लील गालियां देते हुए सरपंच का पक्ष लेने की बात कहते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ व लाठी से अमर के साथ मारपीट की। इस घटना में अजय के सिर की बायीं तरफ चोट लगी है। घटना के बाद पीड़ित ने रात्रि में ही अर्जुनी थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी दीपक सोनकर ग्राम कोलियारी थाना अर्जुनी निवासी के खिलाफ धारा 115/2, 296, 351/2 के तहत अपराध दर्जकर विवेचना में लिया है।

गणित और अंग्रेजी के शिक्षकों को हटाने धरने पर बैठे

## लोहरसी हाईस्कूल में पालकों ने लगाया ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- जिला शिक्षा अधिकारी के आश्वासन पर धरना हुआ स्थगित

लोहरसी हाईस्कूल में आये थर्ड क्लास रिजल्ट का प्रभाव पालकों में दिख रहा है। नये शिक्षण सत्र के शुरू होते ही लोहरसी हाईस्कूल के पालकों ने गणित और अंग्रेजी के शिक्षकों को हटाने स्कूल में ताला लगाकर धरना प्रदर्शन किया।

शाला विकास समिति के अध्यक्ष मनीष साहू सहित सदस्यों एवं पालकों ने बताया कि स्कूल में गणित विषय का अध्यापन सही नहीं है जिससे स्कूल का परीक्षा परिणाम थर्ड क्लास आया है। पिछले सालभर से गणित की शिक्षिका को हटाने की मांग की जा रही है लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। नये सत्र में भी उक्त शिक्षिका को नहीं हटाया गया जिसके कारण स्कूल के गेट में ताला लगाकर पालक एवं शाला समिति ने धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया।





### शिक्षिकाओं में अनबन, छात्रों का भविष्य खराब

शाला विकास समिति के अध्यक्ष मनीष साहू, देवेन्द्र गजेन्द्र, नीलकंठ साहू, चंद्रहास साहू, उमेश यादव आदि ने बताया कि गणित विषय की शिक्षिका पिछले 8 साल से स्कूल में जमी हुई है। इस साल गणित विषय में 34 छात्रों में से 29 फेल हो गये। दसवीं का परिणाम 23 प्रतिशत रहा। गणित की शिक्षिका को हटाने पिछले एक साल से मांग कर रहे हैं। 14 जून को शिक्षा अधिकारी के पास पुनः शिकायत की गई थी। मंगलवार तक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। आखिरकार मजबूरी में स्कूल पर ताला लगाना धरना देना पड़ा। उन्होंने कहा कि स्कूल में ज्यादा महिला शिक्षिकाएं हैं जिसकी एक-दूसरे से आपस में बनती नहीं। जिसका खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। गणित की शिक्षिका गाइड को देखकर पढ़ाती है। छात्रों के प्रश्न पूछने पर उसे डांटकर बिठा दिया जाता है। यही हाल अंग्रेजी विषय का है। अंग्रेजी में भी छात्रों की सस्थिति खराब होते जा रही है। शिक्षाधिकारी के आश्वासन पर धरना स्थगित किया गया है।

### पढ़ाने के पैटर्न में सुधार कराया जाएगा : टीआर जगदल्ले

जिला शिक्षाधिकारी टीआर जगदल्ले ने बताया कि जिले के जिन स्कूलों का शिक्षा परिणाम कम आया है वहां शासन स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को लोहरसी हाईस्कूल के पालक धरने पर बैठ गये थे। वे गणित विषय के टीचर को हटाना चाहते हैं। पालकों से समय मांगा गया है। शिक्षिका के पढ़ाने के पैटर्न और व्यवहार में सुधार कराया जाएगा। सुधार नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी।

## बाइक सड़क पर फिसली, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- ग्राम कुकरेल के पास हुआ हादसा

गुरुवार की शाम ट्रिपल सवार युवकों की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई। घटना में तीनों घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम बलियारा निवासी हीरालाल ध्रुव पिता टिकूमराम उम्र 43 वर्ष का ससुराल ग्राम बाजार कुर्रीडीह है। हीरालाल गांव के चुम्मन निर्मलकर पिता महेश उम्र 26 वर्ष के साथ मोटर साइकिल से काम के सिलसिले में ससुराल गया था जहां गुरूवार की शाम वापस लौट रहे थे। बाजार कुर्रीडीह के पूरनमल पिता उत्तम नागवंशी उम्र



31 वर्ष उसी की मोटरसाइकिल में बैठकर उसके घर आ रहा था। तीनों मोटर साइकिल में सवार होकर कुकरेल के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान मोटरसाइकिल के सामने सड़क पर अचानक एक बछड़ा आ गया। एक्सीडेंट होने से बचने चालक ने मोटरसाइकिल का ब्रेक लगा दिया, अचानक ब्रेक लगने से मोटरसाइकिल सड़क पर फिसल कर किनारे में जा गिरी। इस घटना में सवार तीनों घायल हो गए। सूचना पर संजीवनी 108 मौके पहुंची और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

## छोटा हाथी ने बाइक को ठोकर मारी, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- ग्राम रांवा के अटल चौक की घटना


ग्राम रांवा के अटल चौक से गुजर रहे बाइक सवारों को तेज रफ्तार छोटा हाथी ने जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक में सवार दो लोगों की मौत हो गई।

अर्जुनी पुलिस के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम बागतराई निवसी नामदेव साहू पिता लक्ष्यकुमार उम्र 35 वर्ष शुक्रवार को दोपहर गांव के निरंजन चांद पिता रामदेव उम्र 45 वर्ष मोटरसाइकिल क्र. सीजी 07 एलएन 2954 में सवार होकर बैंक काम के सिलसिले में धमतरी आने के लिए निकले थे। मोटरसाइकिल ग्राम रांवा के अटल चौक के पास से गुजर रही थी। इसी



दौरान विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार छोटा हाथी टाटा एस वाहन क्र. सीजी 05 डी 1522 के चालक ने मोटरसाइकिल को सामने से टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल व छोटाहाथी के बीच आमने सामने की टक्कर इतनी भीषण थी कि ठोकर लगने से नामदेव साहू की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं निरंजन गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना पर रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान व डुमन साहू एम्बुलेंस के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंच दोनों को जिला अस्पताल ला रहे थे। हादसे में गंभीर चोट लगने के कारण घायल निरंजन की अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने पर डाक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। शवों को मर्च्युरी में शिफ्ट कर दिया गया। अर्जुनी पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर दोनों शव का शाम



तक पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस छोटा हाथी के आरोपी चालक के खिलाफ आगे की कार्रवाई कर रही है।

वन अर्थ, वन हेल्थ थीम पर मनाया जाएगा योग दिवस, गंगरेल में होगा सामूहिक योग

# हमारी संस्कृति को मिला नया आयाम, विश्व में शुरू हुआ योग आंदोलन : उज्जवल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विश्व योग दिवस भारतीय संस्कृति को नया आयाम दे रहा है। योग केवल भारत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे विश्व ने इसे स्वीकार कर लिया है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। उनकी पहल पर ही 21 जून को विश्व योग दिवस मनाने की परंपरा शुरू हुई। इस साल वन अर्थ, वन हेल्थ थीम पर योग दिवस मनाया जाएगा। यह बातें उज्जवल दीपक ने कही।

विश्व योग दिवस से ठीक एक दिन पहले जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से रूबरू होते हुए भाजपा प्रदेश सहसंयोजक उज्जवल दीपक ने विश्व योग दिवस पर होने वाले कार्यक्रम पर प्रकाश डाला।




### स्वस्थ रहने के लिए योग अपना रहे लोग

श्री दीपक ने बताया कि 11 साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक संगठन के सामने योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था। उनकी पहल पर 21 जून को पूरे विश्व में योग दिवस मनाने की शुरूआत हुई। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि भारतीय संस्कृति को पूरे विश्व में अलग स्थान मिल रहा है। विश्व में योग आंदोलन शुरू हो गया है। लोग स्वस्थ रहने के लिए योग को अपना रहे हैं।

### खुला रोजगार का अवसर

योग न सिर्फ स्वस्थ रहने की विधा है, बल्कि अब यह युवाओं के लिए रोजगार का साधन भी बन गया है। अब योग से संबंधित पढ़ाई भी हो रही है। योग का कोर्स कर युवा लोगों को योग की ट्रेनिंग भी दे रहे हैं। योग गुरू एक नया करियर के रूप में युवाओं को रास आ रहा है। खुद प्रधानमंत्री की दिनचर्या में योग शामिल है। रोजाना सुबह वे स्वस्थ रहने के लिए योग करते हैं।

उन्होंने बताया कि योग को लेकर 45 मिनट का योग प्रोटोकाल तैयार किया गया है, जिसमें योग, ध्यान, आसन आदि किए जायेंगे। योग दिवस पर गंगरेल में सुबह 7 बजे से योग किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी से लेकर आम नागरिक शामिल होंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री श्री मोदी योग दिवस पर प्रकाश डालेंगे। उन्होंने बताया कि यह विश्व योग दिवस की 11वीं वर्षगांठ है। भारतीय जनता पार्टी और आयुष मंत्रालय द्वारा योग दिवस पर पूरे देश में 1 लाख से ज्यादा स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। देश के लगभग सभी रमणीय स्थानों पर यह कार्यक्रम आयोजित हैं। विशाखापट्टनम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें 5 लाख से ज्यादा लोगों से उपस्थिति की अपील की गई है।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व जिलाध्यक्ष शशि पवार, बीथिका विश्वास, चेतन हिन्दूजा सहित अन्य भाजपाई उपस्थित थे।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### मोदी के 11 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां बताई

**नगरी।** संकल्प से सिद्धि के तहत ग्राम घुरावड़ में प्रदेश व जिला से मिले दिशा-निर्देश के अनुसार कार्यक्रम के प्रभारी मौर्यध्वज सेन, जनपद पंचायत सदस्य मौसमी मंडावी, सह प्रभारी रतन कोर्राम, युवा मोर्चा महामंत्री लीलेश प्रजापति की उपस्थिति में चौपाल कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मौसमी मंडावी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष कार्यकाल को स्वर्णिम काल, उभरता विश्वगुरु भारत का काल बताते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता जनार्दन तक पहुंचाया। मौके पर बूथ अध्यक्ष रूपराय कोर्राम, अलख मरकाम, रतन कोर्राम, मंगल मरकाम, गौचंद मरकाम, कंवल कोर्राम, सुरेखा नेताम, दिनेश नेताम, सोनऊ नेताम, राजकुमार मरकाम, शकुन मंडावी, कंवली मरकाम, शामबाई मरकाम, सुरेखा नेताम, सुनीति नेताम, चंदाबाई कोर्राम, लीलाबाई मरकाम, हीराबाई कोर्राम सहित अनेक भाजपा कार्यकता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### ब्रह्माकुमारीज ने चलाया नशामुक्ति अभियान

**कांकेर।** ब्रह्माकुमारीज नरहरपुर के तत्वावधान में पीएमश्री सेजेस हाई स्कूल में आयोजित नशामुक्ति अभियान के तहत नशे से संबंधित चित्र प्रतियोगिता और रंगोली में बालिकाओं ने भाग लिया। नशामुक्त कार्यक्रम में बीके रामा दीदी ने इस अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए उन सभी से नशे से सदा दूर रहने और परिवार समाज के लोगो को भी जागरूक करने के लिए प्रतिज्ञा कराया एवं सभी ने आश्वासन दिया। इस अवसर पर नरहरपुर की संचालिका बीके अघन बहन व बीके नीतीश मगेंद उपस्थित रहे।

### कन्या माध्यमिक शाला को प्रिंटर और कम्प्यूटर की मिली सौगात

**दुर्गूकोंदल।** शिक्षा को डिजिटल इंडिया से जोड़ने के लिए हाहालद्दी से लौह अयस्क निकालने वाली कंपनी गोयल ग्रुप द्वारा कन्या माध्यमिक शाला दुर्गूकोंदल को कंप्यूटर और प्रिंटर साथ ही तहसील में संचालित मावा मोदोल पुस्तकालय को भी कम्प्यूटर और प्रिंटर की सौगात दी। परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे बच्चों के लिए अत्यंत ही मददगार साबित होगा। इस दौरान जनपद जनपद सदस्य सविता उयके, सरपंच शकुंतला नरेटी, शाला प्रबंधन समिति सदस्य राजूराम भगवानी जैन, एबीईओ अंजली मंडावी,गोयल ग्रुप सहायक प्रबंधक रवि तिवारी, अतुल जैन, अंकुर गोयल, सीआरसी शंकर नागवंशी, दयालु ठाकुर, नरेंद्र साहू, सावित्री ठाकुर, हेमलता जैन एवं समस्त अध्यापक, अध्यापिकाएं व नव प्रवेशी छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

### भानुप्रतापपुर से प्रयास में 32 विद्यार्थियों का मेरिट में चयन

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर के खण्ड शिक्ष अधिकारी द्वारा विकासखण्ड के विभिन्न स्कूलों का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया। भानबेड़ा एवं कोरर क्षेत्र के स्कूलों का निरीक्षण करते हुए संस्था में प्रतिदिन बच्चों की उपस्थिति पर सभी शिक्षकों को जोर देने को कहा। उन्होंने बताया कि प्रयास स्कूल में चयन के लिए विकासखंड भानुप्रतापपुर का जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा, जहां वर्ष 2023-24 में 21 विद्यार्थी चयनित हुए थे। वह वर्ष 2024-25 में बढ़कर 32 विद्यार्थी का चयनित हुए। राज्य स्तरीय मेरिट में भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के बच्चों के स्तर लगातार सुधार हुआ। पिछले वर्ष की आपेक्षा इस वर्ष 11 अधिक विद्यार्थी का चयन हुआ।

### निधन

#### विशालराम साहू

**नगरी।** ग्राम घठुला निवासी



विशालराम साहू उम्र 92 वर्ष का निधन 16 जून को हो गया। वे अर्जुन साहू, थानेश्वर साहू के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में ग्रामीणजन व स्वजन शामिल हुए।

---

नपं अध्यक्ष ज्योति के नेतृत्व में वर्तमान परिषद का प्रदर्शन उत्कृष्ट

# नपं कुरूद ने पेश किया अपने 100 दिन का रिपोर्ट कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुरूद

प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी, मुख्यमंत्री साय के सुशासन व विधायक अजय चंद्राकर के विकास रथ को आगे बढ़ाते हुए नगर पंचायत कुरुद ने अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर के नेतृत्व में प्रदेश के अन्य नगर पंचायत क्षेत्र के मुकाबले उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अपने 100 दिन के कामकाज का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत कर श्रीमती चंद्राकर ने विकास की गति निरंतर जारी रहने की बात कही है।

बता दें कि नपं. अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर की नेतृत्व वाली परिषद ने 8 मार्च को कार्यभार सम्हाला था। तब उन्होंने सामाजिक बुराई को खत्म करने सर्वप्रथम कुरूद के प्रत्येक वार्ड से लगभग 500 महिलाओं को संगठित कर महिला कमांडो समिति बनाई जिसकी कमान उन्होंने स्वयं एवं एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने सम्हाली और नगर में नशाखोरों की नाक में दम कर इसमें रोक लगाने प्रयास कर रही। निकाय में पक्ष-विपक्ष के साथ बेहतर तालमेल बिठाते हुए बिना शोर शराबे के परिषद और पीआईसी बैठक कर नगर विकास के प्रस्तावों पर सहमति की मुहर लगवा अपने समन्वय कौशल का प्रदर्शन किया। हालांकि वर्षों से लंबित अतिक्रमण हटाओ अभियान में परिषद के सामने कुछ चुनौती आई लेकिन मजबूत नेता और पार्टी कैडर के सहारे इस मुहिम को भी सफलतापूर्वक अंजाम तक पहुंचाया।




#### आम भागीदारी से नगर को संवारने का काम जारी

एक सप्ताह में बेजा कब्जाधारियों पर कार्रवाई कर नगर की तस्वीर बदलने का सराहनीय प्रयास किया गया। जिसके चलते सब्जी मंडी को पूरी तरह व्यवस्थित कर दिया गया है। इन सौ दिनों नगर पंचायत के माध्यम से आधा दर्जन सार्वजनिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आम लोगों की सीधी भागीदारी रही। गर्मी में पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने के अलावा सार्वजनिक शौचालयों का कायाकल्प किया गया। अब बरसात में जलभराव न हो इस हेतु छोटी बड़ी नालियों का सफाई कार्य युद्ध गति से जारी है।

#### नगर विकास के लिए करोड़ों के कार्य स्वीकृत

अध्यक्ष श्रीमती चन्द्राकर ने बताया कि नया नगर पंचायत कार्यालय भवन के लिए 1 करोड़ 68 लाख, गंदे पानी को फिल्टर कर गार्डन एवं कृषि कार्यों के लिए उपयोगी पानी बनाने जैसे कार्य के लिए 2 करोड़ 69 लाख रुपये की स्वीकृति अभी हाल ही में मिली है। इतने कम समय में छत्तीसगढ़ के 114 नगर पंचायतों में कुरूद नगर पंचायत ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इस सफलता का श्रेय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विभागीय मंत्री अरूण साव, विधायक अजय चन्द्राकर, पार्षद दल, नगरवासी, व्यापारी, मीडिया को देते हुए विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर ने कहा कि अभी तो शुरुआत है। नेता अजय चन्द्राकर की अगुआई में आने वाले समय में नगर विकास की नई उचाईयों को छूने के लिए बेताब है।

---

# समाज की एकता, विकास पर दिया जोर

- तहसील साहू समाज मगरलोड का वार्षिक सम्मेलन मधुबन धाम में हुआ
- समाज के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले हुए सम्मानित
- साहू समाज मेहनतकश व जुझारू है : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|मगरलोड







साहू समाज जनसंख्या की दृष्टि से क्षेत्र में सबसे अधिक है। कृषि, राजनीति, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभिन्न क्षेत्र में भी यह समाज अग्रणी है। साहू समाज के लोग मेहनतकश, जुझारू और सक्षम होते हैं। उक्त बातें धमतरी विधायक ओंकार साहू ने तहसील साहू समाज मगरलोड के वार्षिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि की आसंदी से कही। कुरूद के पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कहा कि साहू समाज की एकता, संगठन एवं विकास के लिए हम सब मिलकर प्रयास करेंगे। जनपद अध्यक्ष विरेंद्र साहू ने कहा कि साहू समाज अग्रणी समाज है। साहू समाज द्वारा किए गए कार्यों को अन्य समाज के लोग प्रेरणा लेते हैं। इनकम टैक्स अधिकारी तुमनचंद साहू ने कहा कि साहू समाज की जनसंख्या अधिक है, साहू समाज बाहुल्य का क्षेत्र है।

जिला साहू समाज अध्यक्ष अवनेंद्र साहू ने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ में सामाजिक नियमावली में परिवर्तन कर सामाजिक व्यवस्था में सुधार के लिए प्रयास किया जा रहा है। साहू समाज को विकसित समाज बनाने में समाजजनों का सहयोग आवश्यक है।

सामाजिक महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया। डांडिया, सुआ नृत्य, कर्मा जैसे छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीत, प्रहसन की प्रस्तुति कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तहसील साहू समाज मगरलोड के तत्वावधान में मानस ब्लड सेवा केंद्र धमतरी के द्वारा मधुबन धाम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में साहू समाज के लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में 57 लोगों ने रक्तदान कर अनुकरणीय कार्य किया है। रक्तवीरों को प्रमाणपत्र एवं हेलमेट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन तहसील साहू समाज सचिव जितेंद्र साहू एवं उपाध्यक्ष डॉ सुशीला साहू ने किया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले समाज के सुरेश साहू, ग्वेद साहू, नीलम साहू, छत्रपाल साहू, विरेंद्र सरल, श्यामलाल साहू, कोमेश साहू, कोमलराम साहू को सम्मानित किया गया।

---

# कलेक्टर पहुंचे लाईवलीहुड कॉलेज, व्यंजनों का लिया स्वाद



- कुकिंग-बेकिंग क्लास के प्रशिक्षणार्थियों से की चर्चा

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा लाईवलीहुड कॉलेज पहुंचे। उन्होंने प्रोजेक्ट युवा के तहत संचालित कुकिंग-बेकिंग क्लास में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं चर्चा की और उनके द्वारा तैयार किए गए व्यंजनों के बारे में पूछा। इस दौरान उन्होंने इन प्रशिक्षणार्थियों द्वारा तैयार पावभाजी, नानखटाई, ढोकला, पेस्ट्री और नूडल आदि व्यंजनों का स्वाद भी लिया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने इन व्यंजनों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि पाककला की बारीकियां सिखाने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बीते एक माह में आप सभी ने पाककला को बहुत ही बढ़िया तरीके से सीखा है, जो आने वाले समय में आपको स्वरोजगार से जोड़ने में मदद देगा। इस दौरान कलेक्टर ने लाईवलीहुड कॉलेज में संचालित कम्प्यूटर क्लास, आर्ट एंड क्राप्ट क्लास, इलेक्टीशियन कक्ष और सुरक्षा गार्ड लैब का भी अवलोकन किया। उन्होंने संस्था में संचालित अन्य ट्रेड की जानकारी ली। इस अवसर पर आजीविका महाविद्यालय के संदीप गोनार्ड, कौशल विकास मिशन के सहायक संचालक डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता के अलावा अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

---

# छात्र व शिक्षक मिलकर लिखते हैं सफलता की कहानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुरूद

- सेजेस चर्रा में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

इस वर्ष भी स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल चर्रा में नवप्रवेशी छात्र छात्राओं का तिलक वंदन, गुलदस्ता भेंटकर व मुंह मीठा कराकर उन्हें प्रवेश कराया गया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों को पुस्तक का वितरण किया।

विद्यालय स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर ने शिक्षा और शिक्षक के महत्व पर प्रकाश डाला तथा आत्मानंद विद्यालय में मिल रही उत्तम शिक्षा पर हर्ष जाहिर किया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष रिखीराम साहू ने कहा कि अच्छे शिक्षक और छात्र ही मिलकर विद्यालय की सफलता की नई कहानी लिखते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों से आग्रह किया कि लक्ष्य बनाकर बेहतर से बेहतर अध्यापन कार्य करें। सहकारी समिति चर्रा के अध्यक्ष रामकुमार साहू ने कहा कि नये सत्र में नये प्राचार्य व नवप्रवेशी बच्चों के साथ अच्छा माहौल बनेगा और निश्चित रुप से विद्यालय अपने लक्ष्य प्राप्ति में सफल होगा। विशिष्ट अतिथि सरपंच श्रीमती कमलेश्वरी ध्रुव, उपसरपंच श्रीमती ललिता यादव , पूर्व प्रबंधन समिति अध्यक्ष भानुप्रताप बैस, सांसद प्रतिनिधि राजेश साहू व पंच श्रीमती बैस रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य देवेंद्र कुमार दादर ने की।

मंच संचालन छात्र गोनिका बैस ने शिक्षिका नम्रता राजपूत के मार्गदर्शन में किया। इस अवसर पर खुमान साहू, गोकुल दीवान, दुष्यंत देवांगन, मोहनलाल, सुमन चंद्राकर, गरिमा साहू, मेनका वर्मा, मीना साहू, कुसुम साहू, शालिनी गुप्ता, भगवती साहू, वंदना तिग्गा, डामेश्वरी साहू, ज्योति चंद्राकर, थनवारिन ध्रुव, रोशन राठी, गगन ठाकुर, वैभवी, दिव्या, डीकेश्वरी समेत शिक्षकगण, पंचायत प्रतिनिधि एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



#### एक पेड़ मां के नाम लगाने का दिलाया संकल्प

कार्यक्रम में प्राचार्य ने सभी अतिथियों को एक-एक फलदार फूलदार पौधा भेंट किया और सभी से निवेदन किया कि इसे रोपकर हम सभी एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। अतिथियों, प्रबंधन समिति, शिक्षकों व ग्रामीणजनों से वृहद स्तर पर पौधरोपण करके उसे बचाने हेतु संकल्पित होने का आव्हान किया।

---

# बच्चों को मिठाई खिलाकर पुस्तकें व यूनिफॉर्म बांटा



- शासकीय माध्यमिक शाला मड़ेली में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶|जीजामगांव

शासकीय माध्यमिक शाला मड़ेली में शाला प्रवेश उत्सव मनाया। सरपंच बीना साहू ने बच्चों को मिठाई खिलाकर पुस्तक एवं यूनिफॉर्म का वितरण किया। नवप्रवेशी बच्चों का मुंह मीठा एवं गुलाल लगाकर स्वागत किया। शाला के सभी बच्चों के लिए खीर पूड़ी की व्यवस्था की गई थी। शाला विकास समिति के सदस्य मकसूदन साहू, शैलेंद्र साहू, तुलस निषाद, बंशीलाल देवांगन, शेखर साहू, चैतराम देवांगन एवं पंचों ने बच्चों का स्वागत किया।

जनपद सदस्य ठाकुरराम साहू ने अपने संबोधन में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सभी बच्चों के विकास की बात कही। प्रधानपाठक सुरेश बंधेल ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शिक्षक होमलता साहू, कुलेश्वर प्रसाद देवांगन, जीवनलाल भारद्वाज एवं प्राथमिक शाला के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

---

# महिलाओं ने समाज की प्रगति पर किया चिंतन

- आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज उपक्षेत्र नगरी महिला प्रकोष्ठ की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|नगरी



आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज उपक्षेत्र नगरी महिला प्रकोष्ठ की बैठक सभा भवन चुरियारापारा नगरी में रखी गई जिसमें मातृशक्तियों का नया स्वरूप देखने को मिला। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में उपस्थित होकर समाज की प्रगति व उत्थान के लिए चिंतन किया। माताओं की सक्रियता से समाज में व्याप्त बुराइयों और को दूर करने का प्रयास होगा। व्यवसाय तथा शिक्षा पर ध्यान दिया जायेगा। नगरी में माताओं की लगातार बैठक हो रही है। यह अच्छी सोच और विचारधारा को प्रदर्शित करता है। नगरी उपक्षेत्र की अध्यक्ष सुमरित कुंजाम पदभार ग्रहण करते ही महिलाओं को संगठित करने भरसक प्रयास कर रही हैं। बैठक में महिला प्रकोष्ठ कोष की स्थापना की गई जिसे जरुरतमंद माताओं को एक वर्ष के लिए वितरण किया गया। बैठक में संस्कृति परंपरा के संरक्षण व संवर्धन के लिए कटिबद्ध रहने का आव्हान किया गया। इस दौरान तहसील महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शैल्य नेताम, उपक्षेत्रीय अध्यक्ष सुमरीत कुंजाम, उपाध्यक्ष भारती सोरी, सचिव मीना नेताम, सहसचिव संतोषी मरकाम, कोषाध्यक्ष माधुरी ध्रुव, सलाहकार गोदावरी छेदैहा, बुधन्तीन नेताम के अलावा ईश्वरी छेदैहा, मानकी नेताम, सावित्री नेताम, तुलसी नेताम उपस्थित थे।

---

# बिरनपारा में गंभीर बीमारी से तीन बैल की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|नगरी



दुगली के बिरनपारा में कुछ मवेशी बीमारी के चलते पागलों की तरह हरकत कर रहे हैं। ग्रामीणों ने पशुओं को बांधकर रखा है। रामकुमार निषाद ने बताया कि अब तक तीन बैलों की मृत्यु गंभीर बीमारी और पागलपन की वजह से हुई है।

पशु पालक परमानंद नेताम, बसंत नेताम, प्रताप मरकाम, कृष्णानंद सोरी ने बताया कि चिकित्सा विभाग को जानकारी दी गई है। चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि छुट्टी पर जाने के कारण विभाग के कर्मचारियों को भेजा था। कर्मचारियों ने बताया कि कुत्ते के काटने के कारण मवेशी इस तरह की हरकत कर रहे हैं। रेबीज डाग के काटने के कारण 24 घंटे के अंदर इंजेक्शन नहीं लगाने के कारण यह बीमारी गंभीर रूप ले लेती है।

---

अगली किस्त के लिए रोजाना लगा रहे बैंकों का चक्कर

# पीएम आवास की दूसरी किस्त नहीं मिलने से हितग्राही परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|मगरलोड

विकासखंड मगरलोड के ग्रामीण क्षेत्र में गरीब परिवार के लोगों के रहने के लिए पीएम आवास स्वीकृत हुआ है। 1 लाख 30 हजार रुपए की राशि सरकार द्वारा दी जाती है। इसके अलावा 15 हजार रुपए की राशि रोजगार गारंटी के तहत दी जानी है। इसकी पहली किस्त सीधे हितग्राही के खाते में पहुंच गई है। हितग्राही ने अपना कच्चा मकान तोड़कर प्रथम किस्त पर आवास बनाना तो चालू कर दिया है लेकिन विकासखंड मगरलोड के 99 हितग्राही की स्थिति दूसरी किस्त के इंतजार में घर से बेघर जैसे हो गई है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण जैसे-तैसे अपने घर से पैसा लगाकर कर्ज लेकर प्लिंथ लेवल तक निर्माण कार्य करा चुके हैं। अब गरीब परिवारों के पास न तो रहने के लिए घर है और न ही कर्ज पटाने के लिए पैसा। बल्कि रोज तगादे से परेशानियों का सामना अलग करना पड़ रहा है। बैंकों के चक्कर लगाकर थक चुके हैं लेकिन अगली किस्त का अता-पता नहीं है।




जनपद पंचायत मगरलोड से मिली जानकारी अनुसार विकासखंड मगरलोड के 67 ग्राम पंचायत के 99 हितग्राही की ऑनलाइन पोर्टल में पहली किस्त की राशि नहीं दिख रही है। हितग्राहियों ने बताया कि आवास की पहली किस्त 40 हजार रुपए खाते में डाली गई थी मगर 8 माह बीत जाने के बाद भी खाते में दूसरी किस्त नहीं आई। दूसरी किस्त जल्दी आएगी कहकर उधारी में सीमेंट, छड़ लाकर आवास अब ढलाई तक पहुंच चुका है मगर दूसरी किस्त नहीं आने से लोगों की चिंता बढ़ गई है कि कब मकान की ढलाई करेंगे। अब बरसात आने वाली है। हितग्राहियों ने जल्द ही आवास की दूसरी किस्त डालने की मांग शासन प्रशासन से की है।

इस संबंध में जपं मगरलोड के पीएम कार्यक्रम अधिकारी रोहित देवागन ने कहा कि इन हितग्राहियों के खाते में आवास की पहली किस्त पहुंच गई है लेकिन हमारे ऑनलाइन पोर्टल में उन लोगों की किस्त नहीं दिख रही है जिसकी जानकारी जिले में दी है। जिला अधिकारी ने राज्य शासन को पत्र लिखा है।

---

# सेनचुवा स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶|डांडेसरा(धमतरी)

शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला सेनचुवा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। शिक्षक-शिक्षिकाएं, पंचायत प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों ने बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए बच्चों को नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता पर सुधार लाने के लिए पालक और शिक्षकों को मिलकर कार्य करना होगा।

### प्रथम चरण में लगभग 200 एकड़ रकबे में औषधीय पौधों की खेती की योजना

# औषधीय पौधों की खेती से किसानों की आय बढ़ेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा जिले में किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। जिले में मखाना की खेती, नारियल की खेती, मिलेट्स की खेती, उद्यानिकी फसलों को खेती को बढ़ावा देने की कार्ययोजना पर तेजी से काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री मिश्रा ने एक और नई पहल की है। धमतरी जिले में विशेषकर कुरूद, मगरलोड, धमतरी विकासखण्ड में औषधीय पौधों की खेती से किसानों की आय बढ़ाने पर जल्द ही काम शुरू होगा। कलेक्टर ने इसके लिए औषधीय पादप बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेसीएस राव के साथ बैठक की। बैठक में वनमण्डलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव सहित औषधीय पादप बोर्ड के सलाहकार कोसरिया और आजीविका मिशन के परियोजना अधिकारी भी मौजूद रहे।

बैठक में धमतरी जिले में औषधीय पौधों की खेती की संभावनाओं पर चर्चा की गई। जिले में औषधीय पौधों की खेती के लिए उपयुक्त जलवायु और मिट्टी को ध्यान में रखते हुए खेती की कार्ययोजना बनाई जा रही है। पादप बोर्ड के सीईओ ने जिले में औषधीय पौधों की खेती से किसानों की आय में तेजी से बढ़ोत्तरी होने के बारे में बताया। उन्होंने एक एकड़ भूमि पर एक साल में औषधीय पौधों की खेती से किसानों से 75 हजार रूपये से लेकर एक लाख रूपये तक के शुद्ध मुनाफे की जानकारी दी।

## कलेक्टर ने औषधीय पादप बोर्ड के सीईओ से कार्ययोजना पर की चर्चा



### गांवों और हितग्राहियों का चयन

जिले में पहले चरण में कुरूद, मगरलोड और धमतरी विकासखण्ड के चयनित गांवों में लगभग 200 एकड़ रकबे में औषधीय पौधों की खेती शुरू करने की प्रशासन की योजना है। अगले एक सप्ताह में विकासखण्ड स्तर पर गांवों और हितग्राहियों का चयन करने का लक्ष्य प्रशासन ने निर्धारित किया है। इसके लिए पहले से ही पंचायत स्तर पर ग्रामीणों की बैठक लेकर उन्हें औषधीय पौधों की खेती के लिए प्रोत्साहित करने का काम किया जा रहा है।

### धमतरी में हर्बल मंडी स्थापना का भी प्लान

औषधीय पौधों की खेती से कम लागत में अच्छे फायदे को ध्यान में रखते हुए इनके विपणन के लिए धमतरी में हर्बल मंडी स्थापित करने की भी प्रशासन की योजना है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने इसके लिए स्थानीय कृषि उपज मंडी में स्थल चयन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। धमतरी में हर्बल मंडी स्थापित हो जाने से जिले के औषधीय खेती करने वाले किसानों के साथ-साथ आसपास के इलाकों के लोगों को फायदा होगा।

# भूमका के पास हुई सड़क दुर्घटना में युवक-युवती घायल, धमतरी रेफर





- इलाज में हुई देरी पर परिजनों ने जताई नाराजगी, बीएमओ ने दी कड़ी कार्रवाई की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी-बेलर-बिरगुड़ी मुख्य मार्ग पर ग्राम भूमका के समीप एक कार और बाइक के बीच टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार युवक और युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए 108 एंबुलेंस की मदद से नगरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कांकेर जिले के ग्राम धोबन डीही निवासी आकाश यादव एवं पिंकी मंडावी मोटरसाइकिल से नगरी की ओर आ रहे थे। इस दौरान सामने से आ रही एक कार क्रमांक सीजी 05 एएम 5282 ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सहायता से दोनों को तत्काल नगरी अस्पताल पहुंचाया गया। वहां इलाज के दौरान एक्स-रे जांच में देरी को लेकर परिजनों द्वारा असंतोष जताया गया। बताया गया कि मरीजों की गंभीर स्थिति होने के बावजूद एक्स-रे तकनीशियन के समय पर उपस्थित न रहने से लगभग आधे घंटे तक घायलों को इंतजार करना पड़ा।

घटना की सूचना मिलते ही बीएमओ डॉ. अरुण नेताम ने स्थिति का संज्ञान लिया और बताया कि ड्यूटी समय में लापरवाही बरतने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि मामले में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। घायलों की स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर उपचार के लिए धमतरी जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद अस्पताल की व्यवस्थाओं पर कुछ स्थानीय लोगों ने भी चिंता जाहिर की है।

# दोनर की घास जमीन पर दर्जनों अवैध रेत भंडारण



- पंचायत सहित ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग
- पशुओं के चारागाह में बन गया है रेत का पहाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रेत के अवैध भंडारण तथा परिवहन के खिलाफ कार्रवाई की प्रशासनिक ढोल के बावजूद अवैध भंडारण और परिवहन की लगातार शिकायत हो रही है। शुक्रवार को दोनर पंचायत ने गांव में रेत के दर्जनों अवैध भंडारण तथा अवैध परिवहन की शिकायत कलेक्टर से की है।

दोनर सरपंच श्रीमती खिलेश्वरी नागरची, सचिव बीआर सोनकर सहित गांव के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण कामता साहू, हलधर चंद्राकर, गजेंद्र साहू, रामेश्वरी, द्विजराम, महेंद्रकुमार, अवेन्द्र, रामेश्वरी, हेमलता, संतोषी, चमेली, शकुंतला आदि ने कलेक्टोरेट पहुंच कलेक्टर के नाम शिकायत आवेदन किया। जिसमें उन्होंने कहा है कि ग्राम पंचायत दोनर नदी किनारे की घास भूमि पर 50 से 60 अवैध भंडारण तथा अवैध परिवहन किया जा रहा है। जिससे पशुओ के लिए चारागाह की भूमि में कमी हो गई है। पंचायत स्तर पर अवैध भंडारण एवं परिवहन पर रोक लगाने के बाद भी रेत माफिया मानने को तैयार नहीं है। ग्रामीणों ने दोनर में नदी के किनारे घास जमीन पर रेत भंडारण एवं परिवहन पर रोक लगाने की मांग की है।

# ग्रामीणों को दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ

- नशामुक्त भारत पखवाड़ा के तहत सभी थाना क्षेत्र में जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नशामुक्त भारत पखवाड़ा अंतर्गत जिले के सभी थाना क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार के निर्देश पर थाना क्षेत्र में लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में नशे के दुष्परिणाम की जानकारी देना, युवाओं को नशे से दूर रखना तथा समाज को नशामुक्त बनाने प्रेरित करना है। पखवाड़ा के तहत सिटी कोतवाली द्वारा रत्नाबांधा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत रत्नाबांधा में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में विशेष नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।






इसी तरह सिहावा थाना द्वारा बांसपानी, भुरसीडोंगरी में भी नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों की बैठक लेकर उन्हें नशे के दुष्परिणाम से अवगत कराया। नगरी थाना क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को नशे की बुराइयों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया। सभी थाना क्षेत्र में चलाया जा रहा यह जागरूकता अभियान समाज को नशे के चंगुल से मुक्त करने और एक स्वस्थ, सशक्त एवं जागरूक समुदाय के निर्माण की दिशा में एक मजबूत पहल है। सभी थाना क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी और नागरिकों के सहयोग की भावना इस अभियान को सार्थकता प्रदान कर रही है। कार्यक्रम में महिला समूह, युवक मंडल व बड़ी संख्या में ग्रामीण व बच्चों ने भाग लिया।

# शिक्षा से ही होगा समाज का उत्थान

- हाईस्कूल सोरिदभाट में शाला प्रवेशोत्सव के साथ मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

**धमतरी।** शासकीय हाई स्कूल सोरिदभाट में शाला प्रवेश मनाया गया। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान और नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक स्वागत किया गया। अतिथि निगम के उपनेता प्रतिपक्ष सत्येंद्र देवांगन थे। गौरतलब है कि कक्षा 10वीं की छात्रा मीनाक्षी साहू पिता यशवंत साहू ग्राम श्यामतराई ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला मेरिट में 9वां स्थान हासिल किया। वह शहर के समस्त शासकीय हाईस्कूल में प्रथम स्थान पर रहीं। योगिता आमदिया 86 प्रतिशत, चंचल साहू 82.33 प्रतिशत ने क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर विशु देवांगन ने कहा कि सोरिदभाट शासकीय हाईस्कूल केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि प्रतिभाओं की जन्मस्थली बन चुका है।

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.) ई-मेल- eocghbzonel@gmail.com**

**आम-सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल उपाध्याय नगर रायपुर में निर्मित एच.आई.जी. भवनों में से फ्लैट/भवन क्रमांक **एच.आई.जी.-II/557 सेक्टर 02**, में **श्रीमती शहलका शमी पति स्व. अब्दुल शमी** को स्ववित्तीय/एकमुश्त आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया है। मूल आबंटी द्वारा दिनांक **25.05.2005** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी/नामांतरी की मृत्यु दिनांक **05.11.2024** को हो जाने के कारण उनके वारिस मृतका द्वारा दिनांक 18.10.2017 के द्वारा निष्पादित पंजीकृत वसीयतनामा अनुसार **1. ना.बा. मोहम्मद फराज 2. ना.बा. फरहीन बानो दोनों के वली मोहम्मद हनीफ** द्वारा उक्त भवन अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, पंजीकृत वसीयतनामा, शपथ पत्र, सहमति पत्र **डॉ. अब्दुल कदीर पिता स्व. अब्दुल कय्यूम** एवं वार्ड पार्षद श्रीमती चन्द्रभागा साहू का निसन्तान दंपत्ति का प्रमाण पत्र, अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किये गये हैं। प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त भवन **1. ना.बा. मोहम्मद फराज 2. ना. बा. फरहीन बानो दोनों के वली मोहम्मद हनीफ** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, कबीर नगर, रायपुर**

# निर्भीकता और दृढ़ता के साथ किया देश का विकास : पांडेय

- मोदी सरकार के 11 साल पूर्ण होने पर प्रोफेशनल मीट का हुआ आयोजन
- 11 वर्षों में अनेक असंभव से दिखने वाले संकल्प सिद्ध हुए: अजय
- मोदी जी के नेतृत्व में भारत सुरक्षित और सशक्त हुआ: रोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल पूर्ण होने पर भाजपा ने गुरुवार को जिला भाजपा कार्यालय में प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया। कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि पोखरण के परमाणु विस्फोट से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक और आवास से लेकर आयुष्मान तक मोदीजी ने देश का सर्वांगीण विकास किया है। उन्होंने भारत को एक अभावग्रस्त देश से विश्व का सर्वाधिक प्रभावशाली देश बनाने का काम किया है। अपने 11 साल के शासन में मोदीजी ने गरीब, किसान, युवा और अन्नदाता सभी का जीवन स्तर ऊंचा उठाया है। उनके नेतृत्व में देश विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि देश को शिखर पर ले जाने के संकल्प के साथ वर्ष 2014 में शुरू हुई यात्रा में मोदीजी के बेमिसाल नेतृत्व ने 11 वर्षों में अनेक असंभव से दिखने वाले संकल्पों को सिद्ध करके दिखाया है। सुशासन से लेकर आत्मनिर्भर भारत तक हर क्षेत्र में भारत ने अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। महापौर जगदीश रामू रोहरा ने कहा कि मोदीजी के नेतृत्व में 11 वर्षों में भारत सशक्त और सुरक्षित हुआ है। काश्मीर में आतंकी पनाह लेते थे और देश भर में दहशत फैलाने का काम करते थे। मोदी जी ने पहले नोटबंदी कर आतंकियों की कमर तोड़ी फिर काश्मीर से धारा 370 हटाकर वहां राष्ट्रपति शासन लगाया तथा चुनचुन कर आतंकियों को मौत के घाट उतारा। जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने मोदी जी के 11 साल पूर्ण होने पर आयोजित सभी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से बताया। सभी बूथों पर कम से कम 50 पेड़ लगाने तथा उनके संरक्षण के लिए पालक नियुक्त करने की बात कही। पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने सभी को विकसित भारत के निर्माण के लिए संकल्प की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम का संचालन जिला संयोजक कविंद्र जैन एवं आभार प्रदर्शन त्रिलोक जैन ने किया। कार्यक्रम में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, जिपंअध्यक्ष अरुण सार्वा, सेवानिवृत व्याख्याता अनंत दीक्षित, सेवानिवृत प्राचार्य चंद्रशेखर चौबे, डॉ हीरा महावर, पूर्व जिला अध्यक्ष कमलेश ठोकने, शशि पवार, पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा, पिंकी शाह, श्रवण मरकाम, ननि सभापति कौशल्या देवांगन, प्रीतेश गांधी, पूर्व महापौर अर्चना चौबे, जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू, नपं अध्यक्ष ज्योति साहू, अरविंदर मुंडी, श्यामा साहू, महेंद्र पंडित, चेतन हिंदूजा, बीथिका विश्वास, राजेंद्र गोलछा, प्रेमलता नागवंशी, राजेश गोलछा, विनोद पांडे, नरेन्द्र रोहरा, कैलाश सोनकर, रोहिताश मिश्रा, टीकाराम कंवर, अजय ध्रुव, मुरारी यदु, रामस्वरूप साहू, मंडल अध्यक्ष मोनिका देवांगन, विनय जैन, अमन राव, पवन गजपाल, कृष्णकांत साहू, रोहित मोहन साहू, भवानी यादव, कविता यादव, विभा चंद्राकर, चंद्रप्रभा साहू, आशा लोधी, अखिलेश सोनकर, ईश्वर सोनकर, संतोष सोनकर, चित्ररेखा निर्मलकर, नम्रता पवार, रितिका यादव, रीता बंजारे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता तथा बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

# बालक चौक परिसर के सामने से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी


नगर निगम कॉम्प्लेक्स (बालक चौक) के सामने स्थित पार्किंग स्थल पर पिछले कई वर्षों से अवैध अतिक्रमण की समस्या बनी हुई थी, जिससे आमजन एवं व्यवसायियों को लगातार असुविधा का सामना करना पड़ रहा था।



नगर निगम के अमले ने अतिक्रमण को बलपूर्वक हटाया और परिसर को अतिक्रमणमुक्त किया।

व्यवसायी संघ ने इस त्वरित एवं दृढ़ कार्रवाई के लिए नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों का आभार प्रकट किया है। निगम ने आश्वस्त किया कि नगर निगम कॉम्प्लेक्स में व्यवसायियों को जिन मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता है, उनकी पूर्ति शीघ्र की जाएगी तथा व्यापारिक गतिविधियों को बाधारहित बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। व्यवसायी संघ ने आशा जताई है कि निगम प्रशासन आगे भी इसी तत्परता से जनहित में कार्य करता रहेगा।



## खबर संक्षेप



### 33 पौवा अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**कुरुद।** कुरूद पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री के लिए परिवहन करते युवक को रंगेहाथ पकड़कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल कर दिया है। आरोपी से 33 पौवा देशी शराब कीमत 3300 रूपये एवं प्रयुक्त मोटरसाइकिल कीमत 35,000 रूपये को जब्त किया है। गुरुवार की रात्रि थाना कुरूद के सउनि अजय बनारसी ने पेट्रोलिंग के दौरान सोनालिका ट्रैक्टर शोरूम के सामने एनएच-30 कुरूद क्षेत्र में एक संदिग्ध युवक को रोका। पूछताछ एवं तलाशी लेने पर युवक के पास से 33 पौवा देशी मसाला शराब कीमत लगभग 3,300 रूपए अवैध रूप से परिवहन करते पाया गया। आरोपी ने अपना नाम यशवंत वर्मा उम्र 24 वर्ष कारगिल चौक भारत ऑटो सेंटर के आगे कुरूद बताया। आरोपी के कब्जे से अवैध शराब के साथ एक पुरानी मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स सीजी 04 एलटी 2030 को जब्त किया गया है। धारा 34 (2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग प्राणायाम अपनाएं : डॉ. पचौरी

**धमतरी।** आयुर्वेदाचार्य एवं योग प्राणायाम विशेषज्ञ डॉ. अवध पचौरी ने कहा कि मानव जीवन को सहज, सरल बनाने प्रकृति ने हमें कई अनमोल उपहार दिए हैं। फल, सब्जियों से स्वास्थ्य बेहतर तो रहता है साथ ही जीवन में योग-प्राणायाम को अपनाने से उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्त होती है। शरीर स्वस्थ रहता है। डॉ. पचौरी ने कहा कि 21 जून योग दिवस के मौके पर सबको योग-प्राणायाम की शुरूआत करनी चाहिए। इसके बाद इसे नित्य अपनाना आवश्यक है। योग से मानसिक, आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त होती है। मेडिकल साइंस भी लोगों को योग और प्राकृति चिकित्सा आयुर्वेद अपनाने की सलाह दे रहा है। बीमारियों से बचाव और नियंत्रण के लिए योग जरूरी है। योग से सभी बीमारियां कंट्रोल में रहती हैं। वर्तमान रहन-सहन मानव जीवन के प्रतिकूल हो रहा है। योग से शरीर स्वस्थ रहेगा। योग, अष्टांग योग, यम, नियम आसन, प्राणायाम, ध्यान, अपनाना चाहिए। योग दिवस मानव के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश है।



### छग पुलिस में शेषराज का चयन

**बगदेही(धमतरी)।** महाश्वेता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थुहा के भूतपूर्व छात्र शेषराज साहू का चयन प्लाटून कमांडर सब इंस्पेक्टर संवर्ग छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में हुआ। शेषराज ग्राम कोलियारी निवासी पंचराम साहू व ईश्वरी साहू के पुत्र हैं। उन्होंने महाश्वेता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थुहा में कक्षा 6 वीं से 12 वी तक पढ़ाई की। वे प्रारंभ से ही मेधावी छात्र रहे हैं। उनके चयन पर विद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं दीं।



कलेक्टर श्री मिश्रा के प्रयास से 34.43 लाख रूपये की मंजूरी मिली

# अंगारमोती मंदिर परिसर में बनेगा हर्बल गार्डन दो एकड़ रकबे में लगेंगे औषधीय पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मां अंगारमोती मंदिर परिसर गंगरेल में जल्द ही आकर्षक हर्बल गार्डन आकार लेगा। लगभग दो एकड़ में बनने वाले इस गार्डन को चरक पार्क के नाम से जाना जाएगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के विशेष प्रयास से औषधीय पादप बोर्ड के सीईओ जे. सी. एस राव ने मंदिर ट्रस्ट की दो एकड़ जमीन का मौका मुआयना किया। इस गार्डन के लिए 34 लाख 43 हजार रूपये की मंजूरी मिली है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि चरक पार्क के स्थापित हो जाने से धमतरी में औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। धमतरी का मौसम और मिट्टी औषधीय पौधों की खेती के लिए उपयुक्त है और इसकी खेती से किसान अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। औषधीय पौधों की खेती से भविष्य में हर्बल हेल्थ टूरिज्म की संभावनाएं भी खुलेंगी। इसके साथ ही धमतरी में हर्बल मंडी की स्थापना के प्रयास भी किए जाएंगे, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिल सकेगा।





मां अंगारमोती मंदिर परिसर में बनने वाले इस चरक पार्क का आकार 195 मीटर लम्बा और 50 मीटर चौड़ा होगा। इसमें लगभग 31x23 वर्गमीटर आकार के 12 खण्ड बनाए जाएंगे। इन खण्डों में हर्रा-बहेड़ा, आंवला, अश्वगंधा, शतावरी, गिलोय, सर्पगंधा, एलोविरा, जटामासी, कचनार, मीठा नीम, लौंग, तुलसी, बच, लेमनग्रास, ब्राम्ही जैसे औषधीय पौधों का रोपण किया जाएगा। हर एक ब्लॉक के बीच आने-जाने के लिए पाथवे भी बनाया जाएगा। चरक पार्क में 7 आकर्षक पगोड़े भी होंगे। मां अंगारमोती का दर्शन करने आने वाले लोग इस चरक पार्क में घूम सकेंगे और औषधीय पौधों के उपयोग आदि की जानकारी ले सकेंगे।

मां अंगारमोती मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई ने मंदिर परिसर में चरक पार्क बनाने की स्वीकृति पर प्रसन्नता जताई है। उन्होंने कलेक्टर श्री मिश्रा और वनमण्डलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव को धन्यवाद ज्ञापित किया है। श्री मरई ने कहा कि मां अंगारमोती ट्रस्ट की भूमि पर बनने वाले इस हर्बल पार्क से पारम्परिक जडी-बूटियों से इलाज करने के प्राकृतिक तरीकों को संरक्षित किया जा सकेगा। आज की पीढ़ी को औषधियों-जड़ी-बूटियों के बारे में जानकारी मिल सकेगी। इस क्षेत्र में ज्ञान और शोध को बढ़ावा मिलेगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष ने कहा कि विलुप्त हो रही जड़ी-बूटियों को बचाने और ग्रामीणजनों की आय में वृद्धि करने में भी यह पार्क मददगार होगा। इस पार्क से पारम्परिक वैद्यों की इलाज पद्धतियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

## नागपुर के राष्ट्रीय दंगल में धमतरी के 12 पहलवान दिखाएंगे दमखम



■ राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता जीतकर पहुंचे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नागपुर के राष्ट्रीय दंगल में धमतरी के 12 पहलवान दमखम दिखाएंगे। राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता जीतकर राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में इनका चयन हुआ है। प्री स्टाइल, ग्रीको रोमन एवं महिला प्री स्टाइल के लिए विभिन्न वजन समूह में खिलाड़ियों का चयन किया गया। ये सभी खिलाड़ी 21 से 22 जून तक महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में दांवपेंच दिखाएंगे। धमतरी के 12 खिलाड़ी प्रशांत भोयर, विनय कुमार यादव, कुलदीप कुमार ध्रुव, यमन यादव, अंकित सोनकर, बोनेश कुमार साहू, उदय सोनकर, आर्यन निशांत, रुचि साहू, खुशी साहू, आयुषी सेन, तमन्ना यादव नागपुर महाराष्ट्र के लिए रवाना हो गए हैं। छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं क्रीड़ा भारती जिला अध्यक्ष लक्ष्मण पहलवान की अगुवाई व अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती कोच लीना यादव, विकास सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में 12 खिलाड़ी नागपुर के लिए रवाना हुए।

क्रीड़ा भारती संघ धमतरी के उपाध्यक्ष कैलाश यादव, सत्यवान यादव संरक्षक, कोषाध्यक्ष रामकुमार साहू, एनआईएस कोच विजय कुमार यादव, नुमेश यादव, शिवा प्रधान, टिकेश्वर निर्मलकर, ननकू महाराज सहसचिव, संतोष ध्रुव, गोपाल छाटा, विकास ठाकुर, लीना यादव कुश्ती प्रशिक्षक खेलो इण्डिया धमतरी, रेफरी श्रवण यादव, संतोषी चंद्राकर, लक्की यादव, प्रशांत देवांगन, केतान सिन्हा समेत जिला कुश्ती संघ धमतरी के सदस्यों ने शुभकामनाएं दी है।

## चेंबर ऑफ कॉमर्स की कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थोरानी के नेतृत्व में प्रदेश उपाध्यक्ष राजा रोहरा, प्रदेश मंत्री आलोक पांडेय, जिला प्रभारी महेश रोहरा, जिला अध्यक्ष कैलाश कुकरेजा ने कार्यकारिणी घोषित की।

जिला संरक्षक विनोद खण्डेलवाल, सुरेश महावर, अर्जुन जसवानी, निर्मल बरडिया, नवीन साखला, मनसुख अग्रवाल, राजू लूंकड़, सुनील जैन, हुकुमचंद जैन बनाए गए। चेयरमेन नरेंद्र रोहरा बनाए गए। उपाध्यक्ष सुरेश वर्लयानी, मोहित दुग्गड़, प्रकाश थारवानी, सतराम वाशानी, रविंद्र सिंग छाबड़ा, कोषाध्यक्ष राजमल राखेचा, संगठन मंत्री मनीष मित्तल, अमित अग्रवाल,






प्रमोद पाण्डेय, पंकज शर्मा, नरेंद्र साहू, कन्हैया कमरानी, मितेश व मुख्य सलाहकार राजेश गोलछा, रमेश दीवानी, रमेश जैन, प्रमोद गुप्ता, विजय शर्मा, अशोक चारवानी, मोहनलाल अग्रवाल बनाए गए। कार्यकारणी सदस्यों में महेश चावला, योगेश गांधी, भूपेश अंबानी, श्याम लच्छवानी, राजेश आहूजा, ललित माणिक, दिनेश मूलवानी, दीपेश मेहता, अनिल साहू, पोटूराम, राजेन्द्र वाधवानी, ऋषि कुमार जैन, मनोज रोहरा शामिल हैं।

## शहर के तीन स्थानों पर होगा योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज 21 जून को मनाया जायेगा। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल द्वारा योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम शहर के 3 स्थानों पर होगा। मकई पार्क में 6 से 7 बजे तक योग होगा। प्रभारी राम सोनी होंगे।

इस स्थान में बठेना वार्ड, आद्योगिक वार्ड, मकेश्वर वार्ड, आधारी नवागांव वार्ड, सल्हेवार पारा वार्ड, मोटर स्टैंड वार्ड, आमापारा वार्ड, श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड, जालमपुर वार्ड, महंत घासीदास वार्ड के लोग शामिल होंगे। शीतला माता मंदिर दानीटोला प्रभारी विशाल त्रिवेदी होंगे। इस स्थान में गोकुलपुर वार्ड, महात्मा गांधी वार्ड, विन्ध्यवासिनी वार्ड, सदर दक्षिण वार्ड, रामपुर वार्ड,



दानीटोला वार्ड, महिमासागर वार्ड, कोष्टापारा वार्ड, ब्राह्मणपारा वार्ड, सदर उत्तर वार्ड के लोग शामिल होंगे। इंडोर स्टेडियम के प्रभारी विजय ठाकुर होंगे।

इस स्थान में मराठापारा वार्ड, बांसपारा वार्ड, रामसागरपारा वार्ड, पोस्ट ऑफिस वार्ड, रिसाईपारा पूर्व वार्ड, रिसाईपारा पश्चिम वार्ड, नयापारा वार्ड, टिकरापारा वार्ड, बनियापारा वार्ड, अंबेडकर वार्ड के लोग सम्मिलित होंगे। यह जानकारी पवन गजपाल अध्यक्ष शहर मंडल धमतरी, गौरव मगर, राजीव चंद्राकर, महामंत्री द्वय शहर मंडल ने दी।

## प्रवेश उत्सव पर खिले बच्चों के चेहरे

**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय भेंडरा के संयुक्त तत्वावधान में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें नवप्रवेशी बच्चों को किताब व शाला गणवेश प्रदान किया गया। माध्यमिक शाला भेंडरा में कक्षा 6वीं के नवप्रवेशी बच्चों को माध्यमिक शाला के शिक्षकों के सहयोग से जूता मोजा वितरित किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती ज्योति मंडावी सरपंच भेंडरा, संस्था प्रमुख टीआर साहू, यमाकांत साहू उपसरपंच, श्रीमती कृष्णा साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति माध्यमिक शाला भेंडरा, सोनसाय साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति प्राथमिक शाला भेंडरा, सेवानिवृत शिक्षक उत्तम बनपेला, लोकेश सेन विधायक प्रतिनिधि भेंडरा समेत शिक्षक-शिकिक्षाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## मेडिकल वेस्ट प्रबंधन को लेकर नगर निगम सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

■ आयुक्त ने ली मेडिकल एसोसिएशन की बैठक

कलेक्टर के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त एवं समाज कल्याण विभाग की नोडल अधिकारी प्रिया गोयल ने शहर के मेडिकल एसोसिएशन के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक का प्रमुख उद्देश्य मेडिकल वेस्ट के सुरक्षित और वैज्ञानिक प्रबंधन को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करना था।

बैठक में निजी और सरकारी अस्पतालों, नर्सिंग होम, पैथोलॉजी लैब्स, फार्मेसी और क्लिनिक के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। आयुक्त ने सख्त लहजे में कहा कि शहर में कुछ चिकित्सा संस्थानों द्वारा मेडिकल वेस्ट को नालियों, सार्वजनिक स्थलों या सामान्य कचरे के साथ मिलाकर फेंकने की शिकायतें मिल रही हैं, जो पर्यावरण और जनस्वास्थ्य के लिए खतरा है।



आयुक्त प्रिया गोयल ने निर्देश दिया कि सभी संस्थान बायो-मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट नियमों 2016 के तहत अपशिष्ट को पृथक रूप से संग्रहित करें और केवल अधिकृत एजेंसी को ही सौंपें।

नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ चालान, लाइसेंस रद्द करने और संस्था को सील करने जैसी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त ने यह भी कहा कि यह सिर्फ प्रशासन का दायित्व नहीं, बल्कि हर चिकित्सा संस्था की सामूहिक जिम्मेदारी है कि वे शहर को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखने में योगदान दें। मेडिकल एसोसिएशन ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष निलेश लुनिया सहित एमआईसी सदस्यगण उपस्थित थे।

नेहरू गार्डन योग केंद्र में योग संगम एवं हरित योग का आयोजन

## एक पेड़ से दूसरे पेड़ के बनने की प्रक्रिया को योग आसनों से समझाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला चिकित्सालय के पास सिविल लाइंस स्थित नेहरू गार्डन योग केंद्र में योग संगम और हरित योग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत योग प्रशिक्षक निकिता धरमगुड़ी और उत्तरा सिंह गौतम द्वारा गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र एवं उद्गीत प्राणायाम के साथ की गई। इसके बाद प्रतिभागियों ने सूक्ष्म व्यायाम, संधि संचालन, सूर्य नमस्कार, प्रज्ञा योग, कटि आसन और ताली योग के माध्यम से शरीर व मन को सशक्त किया। 80 वर्ष से अधिक आयु के मदनमोहन खंडेलवाल और गोपाल शर्मा सहित 55 से अधिक प्रतिभागियों ने एक-एक पौधा लेकर पर्यावरण चेतना के साथ योगाभ्यास किया। प्रशिक्षक निकिता ने एक पेड़ से दूसरे पेड़ के बनने की प्रक्रिया को योग आसनों के माध्यम से प्रस्तुत किया जिसमें प्रकृति के साथ मानव के संबंध को भावपूर्ण रूप में दर्शाया गया। डॉ. उत्प्रेक्षा सिन्हा ने संगीतमय ताली योग कराकर वातावरण को आनंदमय बना दिया। नगर पालिक निगम की आयुक्त प्रिया गोयल ने हरित योग की शपथ दिलाते हुए कहा कि स्वस्थ रहना और प्रकृति से जुड़ाव रखना आज के जीवन की सबसे बड़ी



प्रकृति से जुड़ाव रखना आज जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता : प्रिया गोयल

आवश्यकता है। आयुक्त प्रिया गोयल, उपायुक्त पीसी सार्वा, इंजीनियर नमिता नागवंशी, पार्षद योगेशलाल, चक्रधर सिंह यादव, डिगेश शर्मा सहित कई गणमान्य अतिथियों का योग केंद्र ने श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। जननी सेवा संस्थान के अध्यक्ष शेषनारायण गजेन्द्र ने जानकारी दी कि संस्था द्वारा छत्तीसगढ़ योग आयोग से प्रशिक्षित प्रशिक्षकों के माध्यम से धमतरी के विभिन्न गार्डनों में नियमित रूप से निःशुल्क योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. सरिता दोशी ने कहा कि योग दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, यह जीवनशैली को प्रकृति के साथ जोड़ने का संकल्प है। इस अवसर पर सुलेखा जोशी, भावना यादव, गोविंद कोसरिया, संगीता मानिकपुरी, सेवक साहू, रीना मानिकपुरी, घनश्याम ध्रुव, मनमोहन दास मानिकपुरी, डिगेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, काजल मुंजवानी राजकुमार मुंजवानी, गुरमीत कौर मीना शर्मा सहित अन्य नागरिकों ने भाग लिया।

## सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

कलेक्टर ने कोलियारी-खरेंगा मार्ग निर्माण का किया निरीक्षण

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कोलियारी-खरेंगा सड़क निर्माण कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की समीक्षा की और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्य की प्रगति में तेजी लाने और तय समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सारंगपुरी खेल मैदान में ओपन जिम निर्माण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

इस दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने सारंगपुरी पुल के समीप राधाकृष्ण स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किये जा रहे पौधारोपण स्थल का भी अवलोकन किया। अधिकारियों ने बताया कि महानदी किनारे मनरेगा के तहत समूह द्वारा 770 फलदार पौधों का रोपण किया जायेगा, जिसमें आम, अमरूद, कटहल, नींबू सहित अन्य पौधे शामिल है। इस अवसर पर कलेक्टर ने गांव की लखपति दीदी श्रीमती मधु से भी चर्चा की। श्रीमती मधु ने बताया कि वह बैंक सखी के साथ ही केक निर्माण और मुर्गीपालन का काम करती है।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने श्रीमती मधु से इन कामों से होने वाली आय, प्रशिक्षण की जानकारी और व्यवसाय में लगाई गई लागत की जानकारी ली। श्रीमती मधु ने बताया कि बैंक सखी में रूप में वह ग्रामीणों के मनरेगा, महतारी वंदन, पेंशन के अलावा खातों से पैसे निकालकर नकद भुगतान सहित अन्य कार्य करती है। इसके साथ ही वह गांव में केक निर्माण का भी काम करती है, गांव में ही उन्हें प्रतिदिन आर्डर मिलते रहता है। केके निर्माण का प्रशिक्षण उन्होंने आरसेटी से प्राप्त किया है। इसके अलावा वह मुर्गीपालन का भी काम करती है, जिससे भी उन्हें अच्छी आय हो जाती है।

### ओमप्रकाश को मिली अनुकम्पा नियुक्ति

**धमतरी।** कुकरेल तहसील के ग्राम बाजार कुर्रीडीह निवासी ओमप्रकाश नेताम को चतुर्थ श्रेणी भृत्य के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति मिली है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने श्री नेताम को कलेक्टोरेट में भृत्य के रिक्त पद पर वेतन मैट्रिक्स लेवल-1 में मूल वेतन 15,600 रूपये (15,600-49,400) प्रतिमाह एवं छग शासन द्वारा समय-समय पर स्वीकृत महंगाई भत्ते की दर पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करते हुए तीन वर्ष की परिवीक्षा पर आगामी आदेश तक अस्थायी रूप से पदस्थ किया है।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

हाथ पैर में दर्द होना, जोड़ो में दर्द व सूजन, गठिया वात, साइटिका, झिनझिनी वात, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, अकड़न, नसरोग व लकवा रोग में
तुरंत आराम के लिए

| दवा का नाम | कीमत |
|---|---|
| 1. टेब. रुमारेक्स जी.एस.आर. | 30 टेब. का 700/- रु. |
| 2. टेब. कैल्सिओस्ट | 30 टेब. का 150/- रु. |
| 3. ऑइल स्नायुकल्प | 100 मिली का 250/- रु. |
| 4. चूर्ण नेचुरली | 100 ग्राम का 150/- रु. |
| | टोटल - 1220/- रु. |
| 5. अन्य : आर-फीट गोल्ड माल्ट | कीमत - 550/-रु. |

– दवाई मिलने का स्थान –
तुलसी आयुर्वेदिक दवा की दुकान
बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 10 से 5 बजे तक) मो. 9993010732

समय पर वेतन और सुविधा मिलने पर कर्मचारियों ने कहा : अब लड़ाई नहीं, सम्मान मिल रहा

# निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर पालिका निगम के नवयुक्ति अधिकारी कर्मचारी संघ के तत्वावधान में नगर निगम के तीन सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए विदाई एवं सम्मान समारोह रखा गया।

कार्यक्रम में महापौर रामू रोहरा, आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल, निगम सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन, उपायुक्त पीसी सार्वा तथा एमआईसी सदस्य विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर तीनों कर्मचारियों को आत्मीयता और सम्मान के साथ विदाई दी गई। साथ ही उन्हें अवकाश नगदीकरण की राशि किस्तों में तथा एवीएन पीएफ की सम्पूर्ण राशि समय पर प्रदान की गई, जिससे उनके चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे।



संघ के अध्यक्ष मंगलूराम निर्मलकर ने कहा कि एक समय ऐसा था जब कर्मचारियों को वेतन के लिए धरना-प्रदर्शन और हड़ताल करनी पड़ती थी, लेकिन अब समय पर वेतन मिल रहा है। इससे कर्मचारी न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हुए हैं, बल्कि उनके परिवारों की ज़रूरतें भी समय पर पूरी हो रही हैं चाहे वह बच्चों की फीस हो या माता-पिता की दवा। यह सब महापौर रामू रोहरा एवं आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल के कुशल नेतृत्व से संभव हो पाया है। निगम परिवार ने सेवानिवृत्त होमशंकर हिरवानी, राजेश रजक और किसन राव को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस दौरान आयुक्त प्रिया गोयल, सभापति कौशल्या देवांगन,एमआईसी सदस्य विजय मोटवानी, अखिलेश सोनकर, निलेश लुनिया, विभा चंद्राकर, हिमानी साहू, नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद शेरखान, प्रदेश महामंत्री तरुण गजेंद्र, संरक्षक पीसी सार्वा, सलाहकार दीपक शर्मा, संघ के अध्यक्ष मंगलू निर्मलकर, कार्यकारी अध्यक्ष, रोशन लोदे, उपाध्यक्ष, संजय गुप्ता, महामंत्री नितिन बनवासी, सचिव कामता चौबे, सहसचिव, कमल सिन्हा, संगठन मंत्री सुनील सालुंके, कार्यकारिणी सदस्य नोराज देवांगन, कमल देवांगन, मनोज देवांगन, नरेंद्र साहू दीपक पांडे, चैतन्य चंदेल, इशाक खान, धर्मेश शिंदे, पुष्पा ठाकुर, कंचन किरण, भगवती यादव, पंचराम सिन्हा, दीपमाला शामिल रहे।

